।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग,गोपेश्वर।।

Email-dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone no-01372&252175

पत्रांक 366 /12–1 ,गोपेश्वर, दिनांक 25/07 2021।

सेवा में,

वन क्षेत्राधिकारी,
पश्चिमी पिण्डर रेंज नारायणबगड़

विषयः– जनपद चमोली में परखाल डुंग्री मोटर मार्ग के किमी0 8 से रा0इ0का0 पैंतोली, राजकीय उद्यान विभाग, पैंतोली होते हुये स्थान पैंतोली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.471 है0 सिविल, कुल 1.471 है0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण में अवगत कराना है कि जनपद चमोली में परखाल डुंग्री मोटर मार्ग के किमी0 8 से रा0इ0का0 पैंतोली, राजकीय उद्यान विभाग, पैंतोली होते हुये स्थान पैंतोली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.471 है0 सिविल, कुल 1.471 है0 वन भूमि के संरेखण में आ रहे 161 वृक्ष जिसमें से 89 वृक्ष बांज प्रजाति के आ रहे है। आज दिनांक 25.07.2024 को प्रधान संघ नारायणबगड़ एवं भा0ज0पा0 मण्डल अध्यक्ष नारायणबगड़ चमोली द्वारा कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी को बताया गया कि उपरोक्त मोटर मार्ग के संरेखण में 161 वृक्ष एवं 89 बांज के वृक्ष बताये गये है, जबकि उपरोक्त मार्ग में बांज एवं अन्य प्रजाति के वृक्षो की सं0 बहुत कम है।

अतः आपको निर्देर्शित किया जाता है कि आप स्वयं उपरोक्त मोटर मार्ग के संरेखण में आ रहे वृक्षो का पुनः गणना कर सूचना यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराये। ताकि प्रकरण को उच्च स्तर को प्रेषित की जा सके।

भवदीय,
(सर्वेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

पत्रांकः– 366 /12-1 **दिनांकत।**

प्रतिलिपिः– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, थराली को उपरोक्तानुसार इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त मोटर मार्ग के प्रस्तावित संरेखण में आ रहे वृक्षो की गणना से पूर्व संरेखण का सीमांकन करने के पश्चात् सम्बन्धित वन क्षेत्राधिकारी, पश्चिमी पिण्डर रेंज, नारायणबगड़ से समन्वय स्थापित करने का कष्ट करे।

(सर्वेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।